आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 जनवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज पहुंच कर माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये सभी जरूरी व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन के लिये पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियान्वित किया गया है। इसके साथ ही मेला सेवा ऐप का शुभारम्भ किया गया है, जिससे संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को आवश्यक सेवाएं त्वरित रूप से मिल सके।

प्रयागराज दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने पवित्र संगम में डुबकी लगायी और सतुआ बाबा शिविर में जगद्गुरु रामानन्दचार्य के सात सौ छब्बीसवें जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सनातन संस्कृति के संवर्धन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा–

देश ने कई प्रधानमंत्री देखे हर एक ने देश के बारे में सोचा होगा। देश के विकास के बारे में योगदान किया होगा। लेकिन भारत की मूल आत्मा को सम्मान मिलना चाहिए। अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान होने से यह भाव केवल मोदी जी ने उसको मूर्त रूप दे करके भारत की प्रंपरा को गौरववानवित किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर वहां जारी निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

****

दुनियाभर में आज विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की शुरुआत हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी हिन्दी प्रेमियों को विश्व हिन्दी दिवस की बधाई दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता, समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली परम्परा का दर्पण है।

****

विरासत, कला–संस्कृति, विकास, मनोरंजन और रोजगार को समाहित करते हुए गोरखपुर में कल से गोरखपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गोरखपुर के मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने बताया कि गोरखपुर महोत्सव का उद्घाटन कल दोपहर एक बजे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे जबकि तेरह जनवरी को आयोजित औपचारिक समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। गोरखपुर महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को भरपूर मौका मिलेगा जबकि कई नामचीन कलाकार भी इसमें अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

****

परीक्षा पे चर्चा दो हजार छब्बीस के लिए चार करोड़ से अधिक ऑनलाइन प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए तनावमुक्त वातावरण बनाना है।

****

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार तेइस की समीक्षा अधिकारी–सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। इकतीस जनवरी और एक फरवरी के पूर्व में प्रस्तावित रही परीक्षा अब दो और तीन फरवरी को होगी।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इसका शुभारंभ किया था। प्रगति की विशेष श्रृंखला में प्रस्तुत है प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर एक रिपोर्ट–

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत महिलाओं को पहले बच्चे के लिए 5000 रुपये और दूसरी संतान अगर लड़की होती है तो 6000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। जनवरी 2017 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से अधिक महिलाओं को 20000 करोड रुपए से ज्यादा की मातृत्व सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में दी जा चुकी है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी विधेयक ग्रामीण भारत के लिये ऐतिहासिक और दूरदर्शीकरण है। कुशीनगर जिले में बतौर प्रभारी मंत्री विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करने आये दिनेश प्रताप सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस विधेयक से ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और आजीविका अधिक सुरक्षित बनेगी।

****

प्रदेश में जारी कड़ाके की ठंड के बीच आज कुछ जिलों में सुबह घने कोहरे के बाद दोपहर में निकली हल्की धूप ने लोगों को मामूली राहत दी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में शुष्क मौसम के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान जताया है।

****